**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त पद हेतु श्री जावेद उस्मानी के नाम को अनुमोदित किया

लखनऊः 10 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री जावेद उस्मानी को राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त पद पर नियुक्त करने हेतु राज्य सरकार के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने प्रदेश सरकार से सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ पत्रावली पुनः भेजने की बात कही थी। राज्य सरकार द्वारा सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ पत्रावली शुक्रवार को राजभवन को दोबारा प्राप्त हुई थी। राज्यपाल ने श्री जावेद उस्मानी के नाम के अनुमोदनोपरान्त पत्रावली अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को वापस भेज दी है।

------